गोरखपुर में नकली दवाओं का काला कारोबार, गांव से लेकर शहर तक बिक्री कर मालामाल हो रहे जालसाज - GORAKHPUR NEWS

गोरखपुर: सीएम सिटी में नकली दवाओं का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है. गांव से लेकर शहर में नकली दवाओं की बिक्री कर जालसाज मालामाल हो रहे हैं. औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पिछले दिनों में हुई जांच पड़ताल में ऐसे कई मामले पकड़ में आए तो विभाग के होश उड़ गये.

ऐसे में फार्मेसी की दुकानों पर गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर औषधि विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कई दुकानों के ड्रग लाइसेंस अग्रिम आदेश तक निलंबित कर दिए हैं. इसके साथ ही कई को नोटिस भेजते हुए स्पष्ट कर दिया है कि खरीद और बिक्री बिल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सभी मेडिकल स्टोर संचालक अपने दस्तावेज सही रखें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए रहे तैयार. गोरखपुर मंडल के सहायक आयुक्त औषधि प्रशासन पूरन चंद ने कहा कि संदिग्ध और पकड़ में आये दवा कारोबरियों के बारे में सम्बंधित पुलिस को भी सूचना दे दिया गया है. अगर यह साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये तो FIR और विभागीय कार्रवाई होनी तय है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/fake-medicines-sold-to-patients-in-gorakhpur-10-medical-stores-licenses-suspended-uttar-pradesh-news-ups25021104718